संख्या: 738 /79-6-2013

प्रेषक,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अरूण सिंघल,
प्रमुख सचिव,
ग्राम्य विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

शिक्षा अनुभाग–6

लखनऊ: दिनांक 30 जुलाई, 2013

विषयः–जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में मध्यान्ह भोजना संबंधी बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाना।

महोदय,

मध्यान्ह भोजन योजना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है, जिसमें छात्रों को मध्यावकाश में गुणवत्तायुक्त गर्म, पका–पकाया भोजन इस उद्देश्य से उपलब्ध कराया जाता है कि छात्र नामांकन में वृद्धि हो सके, छात्रों को स्कूल में पूरे समय रोके रखने के साथ विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति(ड्राप आउट) में कमी लायी जा सके। छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके तथा विद्यालय में सभी जाति एवं धर्म के छात्र–छात्राओं को एक स्थान पर भोजन कराकर उनके मध्य सामाजिक सौहार्द, एकता एवं परस्पर भाई–चारे की भावना में वृद्धि की जा सके।

मध्यान्ह भोजन योजना की महत्ता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत स्वच्छता, सुरक्षा एवं भोजन की गुणवत्ता के बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिये जाने के संबंध में सचिव, स्कूल शिक्षा, भारत सरकार द्वारा निर्देश प्रदान किए गये है कि शीघ्रताशीघ्र वरिष्ठ सांसद की अध्यक्षता में गठित जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत कर निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा कर ली जाय –

1. खाद्यान्न के उठान एवं भण्डारण से सम्बन्धित।
2. मध्यान्ह भोजन के पकाने से सम्बन्धित।
3. मध्यान्ह भोजन के वितरण से सम्बन्धित
4. पेयजल व्यवस्था से सम्बन्धित।
5. मध्यान्ह भोजन के निरीक्षण से सम्बन्धित।
6. स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित।
7. दुर्घटना की स्थिति से निपटने हेतु।

भारत सरकार द्वारा अपेक्षा की गई है कि दिनांक 31–07–2013 तक एक बैठक आहूत कर ली जाय। अतः अनुरोध है कि संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र जिला सतर्कता

एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत करने एवं उक्त बैठक में विचार विमर्श कर मध्यान्ह भोजन योजना के सफल कियान्वयन हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव

<u>पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निदेशक,मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक),उ0प्र0।
3. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।

30.7.13

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव